




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 11 नवम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 74 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# अलर्ट पर देश

● ब्लास्ट में अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल, डेटोनेटर का इस्तेमाल

● मरने वालों की संख्या 12 पहुंची, पीएम ने कहा- गुनहगार को हर हाल में मिलेगी सज़ा

## कार में धमाके के जांच की जिम्मेदारी सौंपी गयी एनआईए को



**नई दिल्ली।** के ऐतिहासिक लाल किले के पास सोमवार शाम करीब 6:52 बजे एक ग20 कार में हुए जोरदार विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला दिया। धमाके की तीव्रता इतनी थी कि आसपास की 6-10 गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में कितने लोगों की मौते हुई इस पर दावे से कुछ नहीं कहा जा सकता। सरकारी आंकड़ों में मरने वालों की संख्या दस और 24 लोगों के घायल होने की खबर दी जा रही है। आज आयी ताजा खबरों के अनुसार इस धमाके में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 पहुंच गयी है।

### पहचानी गयी धमाके वाली कार

जिस कार एचआर-26-सीई 7674 से धमाका हुआ, उसका रजिस्ट्रेशन गुरुग्राम, हरियाणा निवासी सलमान के नाम है। पुलिस ने उसे तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने बताया, कार ओखला निवासी देवेंद्र को बेच दी थी। देवेंद्र ने उसे अंबाला में किसी तीसरे को बेचा। वहां से पुलवामा निवासी तारिक को बेच दी गई थी। पुलवामा में 2019 में आतंकियों ने इसी तरह एक वाहन में विस्फोटक भर धमाका किया था, जिसमें 40 जवान बलिदान हुए थे। उत्तरी दिल्ली के कोतवाली थाने में धमाके को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में यूएपीए में धारा 16 और 18, विस्फोटक एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। अभी जांच लोकल पुलिस और स्पेशल सेल कर रही थी। लेकिन बताया जा रहा है कि जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए को दी जा रही है। पुलिस की जांच में जो लाल किले के सामने बम धमाका हुआ है, उसका सीधा लिंक फरीदाब-ाद से पकड़े गए आरोपी से है। धमाके मामले में पुलिस डॉक्टर मोहम्मद उमर की तलाश कर रही है। उसके साथ जो लोग थे, उनकी भी तलाश की जा रही है।

### फरीदाबाद में बड़ा सर्च ऑपरेशन 800 पुलिसकर्मी तैनात

दिल्ली में हुए धमाके के बाद फरीदाबाद में आज सुबह से धौज थाना इलाके में पुलिस बड़े स्तर पर सर्च अभियान चला रही है। 800 पुलिसकर्मी अल फलाह यूनिवर्सिटी के आस-पास के इलाके में चेकिंग कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आईईडी बम धमाका था। दिल्ली पुलिस ने सुबह तड़के पहाड़गंज के एक होटल से चार लोगों को उठाया है।

### लाल किला तीन दिन के लिए बंद

बीते सोमवार की रात को दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन पर पास कार में बड़ा विस्फोट हुआ। जिसके बाद अब लाल किला को तीन दिन के लिए बंद कर दिया गया है। जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन के बाहर वाहनों की आवाजाही बंद है।

### दिल्ली पुलिस ने कहा- ये फिदाइन हमला था

पीआईबी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर बताया गया है कि सीएनजी सिलेंडर में धमाके की बात फर्जी है। दिल्ली पुलिस के किसी भी अधिकारी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। घटना की जांच चल रही है। साथ ही लोगों से अलर्ट रहने की अपील की गई है और कहा गया है कि बिना किसी आधिकारिक और पुष्ट जानकारी के बिना कोई भी पोस्ट साझा न करें। दिल्ली पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच से पता चलता है कि लाल किले में हुआ कार विस्फोट एक 'फिदायीन' हमला हो सकता है। जांच से संदिग्ध के मकसद का पता चलता है। जैसे ही उसे पता चला कि फरीदाबाद मॉड्यूल का भंडाफोड़ हो गया है, उसने आत्मघाती हमले की योजना बना ली। सभी संबंधित एजेंसियां विस्फोट के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं पर काम कर रही हैं।

### कोई बख्शा नहीं जाएगा : पीएम



**नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किला के पास सोमवार को हुए आतंकी हमले पर पीएम मोदी का बयान सामने आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस ब्लास्ट ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। पीएम मोदी इस समय भूटान की यात्रा पर हैं, जहां से उन्होंने इस घटना की साजिश रचने वालों को सख्त चेतावनी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मैं बह-ुत भारी मन से यहां (भूटान) आया हूं। कल शाम दिल्ली में जो भयानक घटना हुई, उससे सभी बहुत दुखी हैं। मैं प्रभावित परिवारों का दुख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं कल रात भर इस घटना की जांच कर रही सभी एजेंसियों के संपर्क में था। हमारी एजेंसियां इस साजिश की तह तक जाएंगी। इसके पीछे जो भी साजिश करने वाले हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। जो भी इसके लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें सजा जरूर मिलेगी।









### दिल्ली धमाके के बाद घबड़ाया पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** दिल्ली धमाके के बाद पाकिस्तान ने घबराहट में राजस्थान से लगी सीमा पर वायु सेना की पेट्रोलिंग शुरू करा दी। उसकी तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने एक इमरजेंसी बैठक की। पीएम शहबाज शरीफ भी NSA और DG ISI के साथ देर रात तक बैठकें करते रहे।

## बिहार चुनाव : दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में बंद

● दोपहर एक बजे तक 47.62 प्रतिशत मतदान



**पटना।** बिहार के 20 जिलों में 122 विधानसभा सीटों पर आज दूसरे चरण का चुनाव होना है। दूसरे फेज में 12 मंत्रियों समेत 1302 उम्मीदवार मैदान में हैं। जिनकी किस्मत का फैसला 3.70 करोड़ मतदाता करेंगे। अंतिम चरण में राष्ट्रीय जनतांत्रिक के 122, महागठबंधन के 126 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इसी चरण में पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, रेणु देवी, मंत्री विजेंद्र यादव, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, लोजपा रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, रालोमो के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी स्नेहलता, कांग्रेस के विधायक दल के नेता शकील अहमद खान, भाकपा माले के विधायक दल के नेता महबूब आलम जैसे दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इसे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के छोटे सहयोगी दलों- केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की अगुवाई वाली हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के लिए भी शक्ति परीक्षण के रूप में देखा जा रहा है।

### 22 गांव के 15 हजार लोगों ने किया वोट का बहिष्कार

**पटना।** बिहार विधानसभा के दूसरे और आखिरी फेज के लिए 20 जिलों की 122 सीटों पर वोटिंग जारी है। बगहा के रामनगर विधान सभा दोन क्षेत्र के 22 गा-ंव के 18 बूथों पर 15000 के करीब मतदाता वोट नहीं देने की मांग पर अड़े हैं। एक भी मतदाता बूथ पर नहीं पहुंचे। ग्रामीण पुल, सड़क, स्कूल और बिजली की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही बांका, रोहतास में भी वोट बहिष्कार हुआ है। जहानाबाद में दो गुटों के बीच झड़प हो गई। इसमें 4 लोग घायल हो गए हैं।

### अररिया में समर्थक भिड़े

अररिया के फारबिसगंज में बीजेपी और कांग्रेस के समर्थक भिड़ गए. हालात बिगड़ते देख सुरक्षाकर्मियों को बल प्रयोग करना पड़ा। घटना फारबिसगंज कॉलेज के बूथ संख्या 198 की है। कांग्रेस समर्थकों का आरोप है कि बीजेपी विधायक और एनडीए के उम्मीदवार ने यह आह्वान किया कि कांग्रेस के वोटर को पटक-पटक कर मारो।






## निठारी हत्याकांड : कोली की सज़ा रद्द बड़ी अदालत ने दिया रिहाई का आदेश

● सभी आरोपों से किया गया बरी



**नई दिल्ली।** मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने निठारी हत्याकांड से जुड़े अंतिम बचे मामले में भी अपना फैसला सुना दिया। शीर्ष न्यायालय ने इस हत्याकांड मामले में सुरेंद्र कोली की सजा को रद कर दिया है और कोर्ट ने उसकी तुरंत रिहाई का आदेश भी दिया है। दरअसल, सीजेआई बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने कोली की ओर से दायर क्यूरेटिव याचिका का स्वीकार कर लिया। बता दें यह याचिका में उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने सुरेंद्र कोली की सजा को बरकरार रखा था। बता दें कि कोली की ओर से ये याचिका इस आधार पर दायर की गई थी, कि उसे अन्य बाकी मामलों में बरी किया जा चुका है। जस्टिस विक्रम नाथ ने आदेश सुनाते हुए कहा कि कोली को सभी आरोपों से बरी किया जा रहा है। उसकी रिहाई तुरंत की जाए। आज के फैसले के दौरान सुप्रीम कोर्ट का 15 फरवरी 2011 का फैसला, जिसमें कोली की सजा को बरकरार रखा गया था और 28 अक्तूबर 2014 का वह आदेश जिसमें कोली की पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया गया, दोनों को शीर्ष न्यायालय ने आज रद कर दिया। इसी के साथ कोली को बरी करने का आदेश दे दिया। गौरतलब है कि पूरा मामला साल 2006 में उस समय सुर्खियों आया, जब नोएडा के निठारी गांव में मोनिंदर सिंह पंधेर के घर के बाहर एक नाले से कई बच्चों और युवतियों के कंकाल बरामद हुए। जांच में पाया गया कि मोनिंदर सिंह पंधेर उस घर का मालिक था।

## धर्मेंद्र के मौत की झूठी खबर पर फूटा हेमामालिनी का गुस्सा

● अफ़वाह फैलाने वालों पर जतायी नाराजगी



**नई दिल्ली।** वेटरन एक्टर धर्मेंद्र को लेकर इस वक्त चर्चाओं का बाजार काफी गर्म है। थोड़ी देर पहले हिंदी सिनेमा के ही-मैन के निधन की झूठी खबर आग की तरह फैली। जिसका खंडन पहले धर्मेंद्र की बेटी और एक्ट्रेस एशा देओल ने किया और अब इस मामले को लेकर सांसद-अभिनेत्री हेमा मालिनी ने अपनी नाराजगी जताई है। पति धर्मेंद्र की मौत की अफवाह पर हेमा मालिनी का गुस्सा फूटा है और उन्होंने सोशल मीडिया पर ऐसा करने वालों को आड़े हाथों लिया है। सोमवार से अभिनेता धर्मेंद्र मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी हालत स्थिर बनी हुई है, जिसको लेकर सुपरस्टार सनी देओल ने ही अपडेट दिया है। 11 नवंबर की सुबह धर्मेंद्र की मौत की झूठी खबर तेजी से फैली, जिसको तुरंत ही एशा देओल ने फेक बताकर खारिज किया।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 23.8°C
● तापमान न्यूनतम : 20.8°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 11 नवम्बर, मंगलवार, 2025 (3)


छाया : जनमुख डेस्क





# लोटा-भंटा मेले में उमड़ी भीड़

## प्रभु राम ने यहां लगाया बांटी-चोखा, हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु



**● दर्शन-पूजन के बाद रात्रि प्रवास से निःसंतान दंपतियों को होती है पुत्र की प्राप्ति**

**वाराणसी।** वाराणसी का लोटा भंटा मेला जिसका आयोजन मार्गशीर्ष की षष्ठी तिथि पर को किया गया। मेले में काशीवासियों ने भगवान भोलेनाथ को बाटी चोखा का भोग लगाया। नगर के जंसा, रामेश्वर, पांचों शिवाला-हरहुआ के बीच वरुणा नदी के कछार पर मेला दूर तक लगा था। इसकी गवाही जगह-जगह लगे अहरों से उठता धुआं दे रहा था। बताया जाता है कि भगवान राम ने दो बार काशी में 84 कोस परिक्रमा की थी। पहली बार पिता राजा दशरथ को श्रवण कुमार के श्राप से मुक्त कराने के लिए लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के साथ यह परिक्रमा की थी। दूसरी बार रावण वध के बाद ब्रह्महत्या के दोष से मुक्ति के लिए मां सी-ता और लक्ष्मण के साथ। श्रीराम ने यहां एक मुट्ठी रेत से शिवलिंग की स्थापना करने के बाद एक लोटा जल और बाटी-चोखा का भोग अर्पित किया था। मान्यता है कि अगहन की षष्ठी तिथि पर काशी पंचक्रोशी परिक्रमा के तीसरे पड़ाव स्थल रामेश्वर तीर्थ पर स्नान और दर्शन-पूजन के बाद रात्रि प्रवास से निःसंतान दंपतियों को पुत्र की प्राप्ति होती है।

# का.हि.वि.वि. दीक्षांत समारोह 12 दिसंबर को

**● छह दिसंबर से बंटेंगे साफा-उत्तरीय, मुख्य अतिथि नीति आयोग के डॉ. वीके सारस्वत होंगे**



**वाराणसी।** बीएचयू के 105वें दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि नीति आयोग के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रभाग सदस्य डॉ. वीके सारस्वत होंगे। 12 दिसंबर को होने वाले मुख्य उपाधि वितरण समारोह में वह दीक्षांत संबोधन देंगे। सोमवार को बीएचयू ने छात्रों के लिए स्वीकृति फॉर्म भी जारी कर दिया। दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए सभी विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से इसे भरकर जमा करना होगा। डॉ. वीके सारस्वत देश के जाने माने वैज्ञानिक हैं। वह डीआरडीओ के महानिदेशक और रक्षामंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार रह चुके हैं। जेएनयू के कुलपति के रूप में सेवाएं देने के बाद डॉ. सारस्वत नीति आयोग के सदस्य के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। बीएचयू के 105वें दीक्षांत समारोह में वह बतौर मुख्य अतिथि छात्रों को मार्गदर्शन देंग बीएचयू की तरफ से सोमवार को दीक्षांत समारोह से संबंधित तिथियों की सूची भी जारी कर दी गई। समारोह में शामिल होने वाले सभी स्नातक, परास्नातक और पीएचडी छात्रों को साफा-उत्तरीय के लिए अपने स्टूडेंट्स लॉगइन से 5 दिसंबर तक 200 रुपये की राशि ऑनलाइन जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। 6 दिसंबर से 11 दिसंबर तक संकायों से छात्र-छात्राओं को उत्तरीय और साफा वितरित किए जाएंगे।

## काशी-तमिल संगमम का आरम्भ वाराणसी से और समापन रामेश्वरम में

**वाराणसी।** मंडलायुक्त एस. राजलिंगम की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में काशी तमिल संगमम 2025 (केटीएस 4.0) के आयोजन हेतु बैठक आयोजित हुई जिसमें मंडलायुक्त ने बताया कि वाराणसी में 2 दिसंबर से काशी तमिल संगमम 4.0 का आयोजन होने जा रहा है। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी काशी तमिल संगमम-4 का भव्य आयोजन किए जाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित किए जाएं। संगमम में काशी आने वाले सभी प्रतिभागियों को स्टेशन से उनके ठहरने वाले स्थलों तथा कार्यक्रम के दौरान नमोघाट, बीएचयू तक आने जाने के लिए समुचित बसों/वाहनों का प्रबंध किए जाने के निर्देश दिए।

## गिरता जा रहा तापमान, जल्द दिखाई देगा कोहरे का व्यापक असर



**वाराणसी।** वाराणसी में अब मौसम का रुख पूरी तरह से बदल चुका है। वातावरण में गलन बढ़ती जा रही है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्रों में पूरी तरह से हो चुका है। पहाड़ी क्षेत्रों में मंगलवार की सुबह कोहरे का असर शुरू हुआ तो सुबह नौ बजे तक वही स्थिति बनी रही। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी तापमान में उतार चढ़ाव का संकेत दिया है। माना जा रहा है कोहरे का असर जल्द ही व्यापक रूप से दिखायी देगा। मौसम में बहुत अधिक बदलाव का संकेत तो नहीं है लेकिन सुबह और शाम हो होने वाली ठंड का असर और व्यापक हो सकता है। पहाड़ों पर रह रहकर हो रही बर्फबारी का असर व्यापक रूप से मैदानी क्षेत्रों में नजर आता है। अगर पछुआ हवाओं का जोर रहा तो जल्द ही वातावरण में घने कोहरे और गलन का दौर शुरू होगा और मौसम का रुख पूरी तरह ठंडक की ओर हो जाएगा। फिलहाल वाराणसी में दिन की गुनगुनी धूप लोगों को राहत दे रही है लेकिन वातावरण का रुख अब पछुआ हवाओं के जोर पर अधिक निर्भर करेगा।

## मां अन्नपूर्णा का 17 दिवसीय महाव्रत शुरू किसान मां को चढ़ाएंगे धान की बाली



**वाराणसी।** काशीपुराधिश्वरी के महाव्रत की शुरुआत मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष पंचमी सोमवार से हो गई है। मां का धागा लेकर श्रद्धालुओं ने 17 दिनों का व्रत आरंभ किया। वहीं पूर्वांचल के किसानों ने मां अन्नपूर्णा को अपनी पहली फसल अर्पित की। 17 दिनों तक भक्त नियमित रूप से मां अन्नपूर्णा की पूजा करेंगे और कथा सुनेंगे। 17 साल, 17 महीने और 17 दिनों के व्रत के पहले दिन श्रद्धालुओं ने मंदिर के महंत शंकर पुरी के हाथों से पूजन के लिए 17 गांठ का धागा प्राप्त कर रहे हैं। 17 दिनों तक धागे की पूजा और मां अन्नपूर्णा की कथा सुनकर श्रद्धालु व्रत को पूर्ण करेंगे। व्रत का समापन 26 नवंबर को होगा। मां अन्नपूर्णा को धान की बालियों से सजाया जाएगा। 27 नवंबर को मां के श्रृंगार वाले धान का प्रसाद भक्तों में वितरित होगा।

## ज्ञानवापी वज़ूखाना के सील-कपड़ा बदलने पर अगली सुनवाई 20 को

**वाराणसी।** ज्ञानवापी प्रकरण में कथित वज़ूखाने में बन्द ताले पर कपड़े बदलने वाले पॉइंट पर आज सुनवाई हुई। इस पर अंजुमन इंतजार की ओर से आपत्ति दर्ज कराई गई थी कि अभी यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। कोई भी नया मुकदमा एडमिट नहीं हो सकता और न ही ऐसा कोई भी आदेश दिया जाएगा। जिससे सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई प्रभावित हो। अगली सुनवाई 20 नवम्बर को होगी।

## ऐलान : 19 दिसंबर को जुटेंगे करणी सेना के कार्यकर्ता

**वाराणसी।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के आरक्षण को लेकर करणी सेना ने बड़ा आंदोलन छेड़ने की घोषणा की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि आगामी 19 दिसंबर को वाराणसी में करणी सेना देशभर से अपने कार्यकर्ताओं को एकत्र कर एक विशाल प्रदर्शन करेगी। इस आंदोलन का उद्देश्य सरकार से EWS वर्ग के हितों से जुड़ी प्रमुख मांगों को लेकर ठोस निर्णय करवाना है।

# 100 दिन 100 वार्ड

## 16 नवम्बर से चलेगा अभियान, परखा जाएगा विकास कार्य

**● महापौर एवं नगर आयुक्त ने की विभागीय समीक्षा बैठक**


जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महापौर अशोक कुमार तिवारी व नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने आज नगर निगम के विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में महापौर के द्वारा सभी अधिकारियों को बताया गया कि आगामी 16 नवम्बर से सौ वार्ड, सौ दिन का अभियान शुरू किया जायेगा, जिसमें उनके द्वारा स्वंय अब तक किये गये कार्यो का निरीक्षण व सत्यापन किया जाय-गा, जिसमें यह परखा जायेगा कि इन वार्डो में कितने कार्यो का शिलान्यास किया गया, कितने कार्य प्रारम्भ कर दिये गये हैं, कितने कार्य शुरू नही किये गये हैं, तथा कार्यो की पूर्ण करने की तिथि क्या है? साथ ही किये जा रहे कार्यो की गुणवत्ता की जॉच भी की जायेगी। महापौर से लेकर सभी सम्बन्धित अधिकारी दो घंटा वार्डो में निगम के विकास कार्यों का निरीक्षण और आंकलन करेंगे।

## नकली रिफाइंड फैक्ट्री का भंडाफोड़

**● एक्सपायर हो चुका तेल खरीदकर लगा देते हैं नामी कंपनियों के लेबल**

**वाराणसी।** वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र में एसओजी 2 टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर नकली रिफाइंड बनाने वाली फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में 6000 लीटर नकली रिफाइंड तेल, नामी कंपनियों के पंपलेट, मुहरें और पैकिंग का सामान बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से पांच लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। यह छापेमारी सारनाथ थाना क्षेत्र के सलारपुर और नक्खीघाट इलाकों में की गई। कुल पांच व्यक्तियों को हि-रासत में लिया गया है। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे बाजार से एक्सपायर हो चुका तेल सस्ते दामों पर खरीदते थे। इसके बाद, वे इस तेल को फॉर्च्यून जैसी नामी कंपनियों के लेबल लगाकर दोबारा बाजार में बेच देते थे। पुलिस की छापेमारी में मौके से भारी मात्रा में ब्रांडेड कंपनियों के रैपर, एक्सपायरी डेट बदलने वाली मुहरें, पैकिंग पेपर, प्रेस मशीन और एक टेम्पो पर लदा नकली रिफाइंड तेल बरामद हुआ है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

### वाराणसी में अलर्ट, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर जांच शुरू

**वाराणसी।** दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास कल एक कार में हुए धमाके की घटना के बाद वाराणसी में प्रशासन ने चौकसी बढ़ा दी है। सुरक्षा के मद्देनजर कल से ही कैण्ट स्टेशन, बस स्टेशन व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की अतिरिक्त तैनाती के साथ तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है।

## बाबा काल भैरव का जन्मोत्सव 12 नवंबर को

**वाराणसी।** मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि पर इस वर्ष 12 नवंबर को काशी में भैरव जन्मोत्सव पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। अष्टमी तिथि के आगमन के साथ ही काशी के भैरव मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठानों की तैयारियां जोरों पर हैं। बाबा कालभैरव, लाटभैरव, बटुकभैरव सहित अन्य भैरव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ जुटने की संभावना है। काशी के प्रमुख मंदिरों में इस अवसर पर विशेष श्रृंगार और भव्य सजावट की जाएगी। शहर के न्यायाधीश लाटभैरव, कोतवाल कालभैरव, बटुकभैरव, रुरु भैरव, आसभैरव, दंडपाणि भैरव, यक्ष भैरव, उन्मत्त भैरव, भीषण भैरव, संहार भैरव और कोडमदेश्वर भैरव सहित सभी मंदिरों में विविध अनुष्ठानों का आयोजन होगा। भक्तों के प्रमुख आकर्षण का केंद्र कालभैरव, लाटभैरव और बटुकभैरव मंदिर रहेंगे, जहां विशेष पूजन और भव्य आयोजन होंगे। बाबा कालभैरव के विग्रह पर सिंदूर लेपन कर उन्हें रजत मुखौटा, रुद्राक्ष की माला और नरमुंडों की रजत माला धारण कराई जाएगी। पूरे मंदिर परिसर को दीपों, पुष्पों और ध्वजों से सजाया जाएगा। सायंकाल पांच वैदिक ब्राह्मणों द्वारा वसंत पूजा का आयोजन होगा।




## होटल बालाजी पैलेस का प्रथम वर्षगांठ मनाया गया

**● कर्मचारियों ने केक काटकर दी एक दूसरे को बधाई**


जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आतिथ्य-परम्परा, मधुर आध्यात्मिक अनुभूति से ओत-प्रोत व दिव्य गौरव से परिपूर्ण काशी के प्रमुख होटल बालाजी पैलेस ने सोमवार को अपनी प्रथम वर्षगांठ मनायी। इस अवसर पर आयोजित समारोह में केक काटकर होटल के कर्मचारियों ने एक दूसरे को बधाई दी। वहीं पैलेस के अधिष्ठाता संजय लोहिया ने बताया कि उच्च मानदंडों से पूरित यह प्रतिष्ठान उत्कृष्ट सेवाभाव की वजह से ही आज सफलता के पड़ाव पर है। इस मौके पर प्रतिष्ठान आकर्षक सजावट व स्नेह ज्योति से जगमगा रहा था। समारोह में सम्मिलित अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने प्रतिष्ठान के उत्कृष्ट सेवाभाव की प्रशंसा की।

जनमुख परामर्श मंडल : एस. कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज, श्रीनारायण खेमका, अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, वी.के.जैन, अध्यक्ष-जैन मिलन, वाराणसी, डा. एस.के.पाठक वरिष्ठ चिकित्सक, डा. नीलम ओहरी स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रधान सम्पादक ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा', समाचार सम्पादक सरोज सिन्हा, स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित। रजि.33134/78. फोन : 0542-2500324 9336929544, Email : janmukh.vns@gmail.com

## सोनभद्र समाचार

### राज्य महिला आयोग ने आईटीआई, पालिटेक्निक बथुआ, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण



**मीरजापुर।** मा0 सदस्य राज्य महिला आयोग श्रीमती नीलम प्रभात द्वारा आई टी आई पालिटेक्निक बथुआ, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहाड़ी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चचेरी मोड़, हाइवे रोड चुनार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तहसील चुनार, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय दरगाह शरीफ, किले के पास चुनार, थाना चुनार का निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्टाफ नर्सों के चिकित्सकीय परिधान में नहीं होने पर मा सदस्या द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चुनार पर सभी व्यवस्थाएं संतोश जनक पाई गई जिसके लिए मा सदस्या द्वारा डॉ0 राकेश पटेल की सराहना की गई। आगनबाड़ी केन्द्र चुनार पर मा सदस्या द्वारा गोदभराई एवं अन्नप्राशन का कार्यक्रम भी किया। मा0 सदस्या द्वारा सीडीपीओ रेनू पाण्डेय एवं आगनबाड़ी कार्यकत्री पूर्णिमा सिंह सहित सभी कार्यकर्ताओं की सराहना की गई।

## गोरखपुर समाचार

### सीहापार हॉल्ट के पास ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**सहजनवां।** थाना क्षेत्र के सीहापार हॉल्ट के पास सोमवार की सुबह एक अधेड़ व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक की पहचान मइला गा-ंव निवासी 56 वर्षीय सुभाष सिंह पुत्र घिसियावन सिंह के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब साढ़े आठ बजे रेल लाइन पार करते समय अचानक ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही सहजनवां स्टेशन और पुलिस को सूचित किया गया। परिजनों के अनुसार, सुभाष सिंह के दो पुत्र हैं। एक पुत्र की शादी हो चुकी है लेकिन उसकी पत्नी का निधन हो गया था। वहीं, मृतक की पत्नी ब्रेन हेमरेज से पीड़ित हैं और लंबे समय से बिस्तर पर हैं। थानाध्यक्ष महेश चौबे ने बताया कि अभी तक किसी की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

## भदोही समाचार

### मण्डलायुक्त ने गोपीगंज मंडी स्थित धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया



**भदोही।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश ने गोपीगंज मंडी स्थित धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र प्रभारियों को धान खरीद नीति का कड़ाई से पालन करने और किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, मण्डलायुक्त ने खाद्य विभाग के दो और भारतीय खाद्य निगम के एक धान क्रय केंद्र का जायजा लिया। केंद्र प्रभारी आरती शुक्ला ने बताया कि इस केंद्र पर 1600 मीट्रिक टन धान खरीद के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 84 कुंतल धान की खरीद की जा चुकी है। मौके पर ग्राम कंसापुर के किसान रमाशंकर यादव अपने 52 कुंतल धान की तौल करा रहे थे। मण्डलायुक्त ने उनसे बातचीत की, जिस पर किसान ने बताया कि केंद्र पर धान बेचने में उन्हें कोई समस्या नहीं हो रही है। इसी तरह, ग्राम कंसापुर की शांति देवी भी 11 कुंतल धान बेचने के लिए केंद्र पर लाई थीं। मण्डलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि धान क्रय नीति का पूरी तरह अनुपालन करते हुए जिले में धान की खरीद की जाए।

## बलिया समाचार

### रेलवे स्टेशन और प्रमुख स्थानों का एसपी ने लिया जायजा

**बलिया।** सोमवार की देर शाम पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन व शहर के प्रमुख स्थानों का पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एसपी दक्षिणी कृपा शंकर, सीओ सिटी उस्मान, कोतवाल क्षितिज त्रिपाठी व सभी चौकी प्रभारी मौजूद रहे। दिल्ली में बम ब्लास्ट के बाद पूरे जिले में प्रशासन अलर्ट हो गया। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, संदिग्ध वाहनों व लोगों की जांच की। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन पर पहुंच सर्कुलेटिंग एरिया व प्लेटफॉर्म का जायजा लिया। इस दौरान आरपीएफ व जीआरपी मुस्तैद रही। यात्री निवास व प्लेटफॉर्म पर बैठे यात्रियों व उनके सामान की तलाशी ली। सर्कुलेटिंग एरिया में खड़े वाहनों की जांच की।

## सुल्तानपुर समाचार

### खंभे से टकराया बाइक सवार श्रमिक, चली गई जान



**सेमरी बाजार।** दोस्तपुर के भदीला निवासी श्रमिक राजेश (39) सोमवार भोर बाइक से घर लौटते समय विरसिंहपुर अस्पताल के सामने संकेतक के खंभे से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें विरसिंहपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

परिजनों के मुताबिक, राजेश रविवार रात जयसिंहपुर खुर्द गांव अपने ननिहाल में निमंत्रण में गए थे। भोर करीब चार बजे घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक राजेश ने हेलमेट नहीं पहना था। वे मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मौत से पत्नी इंद्रमती (38), पुत्र शिवम (21), सत्यम (19), कृष्णा (17) व पुत्री शिवांगी (12) का रो-रोकर बुरा हाल है।

जयसिंहपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बाइक को सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया गया है।

## सोनभद्र समाचार

### लक्ष्मण प्रसाद आचार्य जी का जनपद में भ्रमण कार्यक्रम 12 व 13 नवम्बर को

**सोनभद्र।** महामहिम माननीय राज्यपाल, असम श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य जी का जनपद सोनभद्र में आगमन 12 नवम्बर, 2025 को होगा, महामहिम राज्यपाल महोदय मीरजापुर से प्रस्थान कर रॉबर्ट्सगंज, के ग्राम तेन्दू में सायं 04.00 बजे रमेश मिश्रा जी के यहां पहुचेंगें। इसके पश्चात महामहिम सर्किट हाउस चुर्क के लिए प्रस्थान करेंगें।

इसी प्रकार से महामहिम राज्यपाल महोदय 13 नवम्बर, 2025 को सर्किट हाउस से प्रस्थान कर श्री शीतला प्रसाद आचार्य जी के नि-वास स्थान पर पूर्वान्ह 11.00 बजे पहुंचेंगें। इसके पश्चात मध्यान्ह 12.50 बजे शिव मंदिर ग्राम पटना, चतरा ब्लॉक, पहुंचेंगें, अपरान्ह 01.00 बजे ए0आर0 आर0 शिव मंदिर और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नीलांबर, पीताम्बर खरवार स्मृति सम्मान समारोह में प्रतिभाग करेंगें।

## प्रयागराज समाचार

### माघ मेले के लिए बनेंगे 17 थाने व 40 पुलिस चौकी, 5200 से ज्यादा जवान होंगे तैनात

**प्रयागराज।** माघ मेला-2026 के लिए 17 अस्थायी थाने और 40 पुलिस चौकियां बनाई जाएंगी। जिसमें श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित किया जाएगा। इसे लेकर पुलिस विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है, जल्द ही थाने और चौकी बनेंगे। वहीं, मेला में 5200 से ज्यादा जवानों की तैनात किए जाएंगे। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार ने बताया कि पिछले बार के मुकाबले इस बार माघ मेला का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल को तैनात किया जा रहा है। साथ ही 17 थाने के अलावा 40 पुलिस चौकियां बनाई जा रही है। वहीं माघ मेले में उन्हीं पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा जो मदिरापान से दूर रहते हैं। श्रद्धालुओं से अच्छा आचरण करने वाले पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चार्ट बनाई गई है।



सोमवार से अलग-अलग चरणों में इनकी तैनाती कर दी गई है। माघ मेला में पुलिस विभाग कार्यालय भी बनकर तैयार हो गया है। यहां के नोडल अधिकारी नीरज पांडेय ने चार्ज संभाल लिया है।पुलिस विभाग की ओर से सोमवार को माघ मेला क्षेत्र में पुलिस लाइन स्थापना स्थल पर भूमि पूजन किया गया। मठ बाघम्बरी गद्दी के पीठाधीश्वर महंत बलवीर गिरी ने विशेष पूजा कर धार्मिक विधि-विधान संपन्न कराया। इस मौके पर पुलिस विभाग के ध्वज का भी पूजन किया गया। इसमें पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार, अपर पुलिस आयुक्त डॉ. अजय पाल शर्मा, यातायात डीसीपी नीरज पांडेय समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, इसके अतिरिक्त साइबर थाना, महिला सुरक्षा के लिए एक महिला हेल्प डेस्क भी बनाया जाएगा। साथ ही अग्निशमन विभाग, जल पुलिस, पीएसी, आरएफ, एनडीआरएफ के अलावा सुरक्षा के मद्देनजर एटीएस समेत अन्य खुफिया एजेंसियों को भी सक्रिय किया गया है। पुलिस अफसरों ने बताया कि नए बन रहे थानों और चौकी के नाम भी रखे जाएंगे।

## जौनपुर समाचार

### समिति 17 नवंबर तक बोर्ड परीक्षा केंद्रों का करेगी सत्यापन

**जौनपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित हाईस्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षा की तैयारी तेज हो गई है। प्रधानाचार्यों को निर्देश है कि 10 नवंबर तक कॉलेजों का डिलेट डिटेल बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दें। तहसील स्तरीय समिति को 17 नवंबर तक केंद्रों की जांच कर रिपोर्ट देनी है। एसडीएम की अध्यक्षता में गठित समिति केंद्रों की जांच कर रही है। परीक्षा केंद्रों का डिटेल 24 नवंबर तक बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करना है। बोर्ड परीक्षा केंद्रों की सूची 30 दिसंबर तक तैयार होना है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2026 के लिए हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया है। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा एक साथ 18 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च 2026 तक चलेंगी। इस बार परिषद ने कई बदलाव किए हैं।

## गाजीपुर समाचार

### बेटे को सुलाकर विवाहिता ने लगाया फंदा



**गाजीपुर।** खानपुर थाना क्षेत्र के टड़वा गांव स्थित एक मकान के बंद कमरे में पंखे से साड़ी के फंदे से सोमवार की सुबह एक विवाहिता का शव लटकता मिला। छोटे बच्चे के रोने की आवाज सुनकर परिजनों ने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई आवाज कमरे से नहीं आई। सूचना पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर कमरे में पहुंची और फंदे पर मृत अवस्था में लटक रही विवाहिता को उतारकर कब्जे में ले ली। मृतका के पिता ने ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पति सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। फिलहाल पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि दुल्लहपुर थाना के रेवरिया गांव निवासी दीनबंधु गिरी ने तहरीर देकर जानकारी दी कि वर्ष 2021 में पुत्री आंचल गिरी (25) की शादी टड़वा गांव निवासी पंकज गिरी के साथ की थी। आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग की जा रही थी। बेटी का उत्पीड़न किया जा रहा था। बीच-बीच में समझौता कराकर मामला शांत हो जाता था। पुत्री को दो वर्ष की एक पुत्री और एक पुत्र है। थानाध्यक्ष राजीव पांडेय ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर कक्ष में जांच पड़ताल कर साक्ष्य एकत्र किया।

## देवरिया समाचार

### पोखरी में गिरकर बुजुर्ग महिला की मौत

**सलेमपुर।** मांगलिक कार्यक्रम में भोजन करने के बाद एक बुजुर्ग महिला रविवार की रात घर से अचानक लापता हो गई। परिवार के लोगों ने काफी तलाश किया लेकिन उनका पता नहीं चल सका। भोर में गांव के लोगों ने पोखरी में किसी के डूबने की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने महिला की पहचान की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना क्षेत्र के धनौती राय गांव की रहने वाली फूला देवी 55 वर्ष पत्नी श्यामदेव प्रसाद रविवार की रात घर के बगल में चल रहे मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। इसके बाद वह अचानक लापता हो गई। परिवार के लोगों ने काफी खोजबीन किया लेकिन उनका पता नहीं चल सका। सोमवार की भोर में गांव के दक्षिण स्थित पोखरी की ओर गांव के कुछ लोग गए तो पोखरी में एक महिला का शव देखा।

## मऊ समाचार

### दो ट्रक चालकों की पशिचम बंगाल के दार्जिलिंग में संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**मऊ।** घोसी कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव के दो ट्रक चालकों की पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि 52 वर्षीय रामा चौहान और 40 वर्षीय हिमांशु राजभर की ढाबे पर खाना खाने के कुछ देर बाद ही तबीयत बिगड़ने लगी। मुंह से झाग निकलने लगा। जब पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया तो कुछ देर में ही दोनों की मौत हो गई। परिजनों ने जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। वहीं दार्जिलिंग की पुलिस ने कहा कि जब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक मौत के कारणों के बारे में नहीं बता सकते। दोनों का शव सोमवार को उनके गांव पहुंचते ही गांव में मातम पसर गया है। दोनों का अंतिम संस्कार दोहरीघाट मुक्तिधाम पर किया गया। दोहरीघाट के अहिरानी बुजुर्ग निवासी रामा और अमिला नगर पंचायत के अकटहिया निवासी



हिमांशु ट्रक चालक थे। दोनों पांच दिन पहले गोरखपुर से गेहूं लेकर पश्चिम बंगाल के लिए निकले थे। परिजनों ने बताया कि 7 नवंबर को दार्जिलिंग में हाईवे पर टोल नाके के पास ट्रक खड़ा करके दोनों ढाबे पर खाना खाने गए थे। खाना खाने बाद संदिग्ध परिस्थितियों में दोनों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। ढाबे पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों के मुंह से झाग निकल रहा था। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान पहले रामा चौहान और कुछ देर बाद हिमांशु की भी मौत हो गई। मौके पर मिले शवों पर बाहरी चोट के निशान नहीं थे। सोमवार सुबह जैसे ही दोनों का शव गांव पहुंचा, घरों में कोहराम मच गया। रामा के तीन बेटे और दो बेटियां रो-रोकर बेहाल हो गईं। वहीं हिमांशु के परिवार दो बेटे बेसहारा हो गए। दोनों परिवार के इकलौते कमाने वाले थे। उनकी मौत के बाद परिजनों के सामने रोजी रोटी का संकट हो गया।हिमांशु के बेटे राजेश ने बताया कि वह घर बनाने के लिए पैसे की बात करने के लिए फोन कर रहा था, तभी किसी अंजान व्यक्ति ने फोन उठाकर उनके मौत की जानकारी दी। जब हम वहां पहुंचे तो दोनों बेहोशी की हालत में थे।

## आजमगढ़ समाचार

### यातायात नियमों का किया उल्लंघन तो स्मार्ट कैमरे काटेंगे चालान

**आजमगढ़।** जनपद में अभी तक हाथों के सहारे की ट्रैफिक कंट्रोल किया जा रहा है। इसे देखते हुए आजमगढ़ विकास प्राधिकरण (एडीए) को ट्रैफिक सिग्नल लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एडीए खुद के संसाधन से इन ट्रैफिक सिग्नलों को हर चौराहे और तिराहे पर लगवाएगा। वर्तमान में ट्रैफिक सिग्नलों पर स्मार्ट कैमरे लगाए जा रहे हैं जो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले का ऑटोमेटिक चालान काटेंगे। नगर क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था कहीं ट्रैफिक पुलिस तो कहीं पीआरडी और होमगार्ड के जवान संभालते हैं। इससे नगर क्षेत्र में कई जगहों पर जाम की समस्या आती है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने हर चौराहे और तिराहे पर ऑटोमेटिक ट्रैफिक सिस्टम लगाने का निर्णय लिया है। इसकी जिम्मेदारी आजमगढ़ विकास प्राधिकरण को सौंपी गई है। प्राधिकरण खुद के संसाधन से चौराहों और तिराहों पर ट्रैफिक सिग्नलों को लगाएगा। हालांकि यह योजना बनी तो कई साल पहले थी लेकिन अब तक यह फाइलों में दम तोड़ रही थी। लेकिन, अब जल्द ही इसके परवान चढ़ने की उम्मीद जग गई है। क्योंकि प्रशासन ने एडीए को लगाने का निर्देश दिया है। वहीं शहरी क्षेत्र में जगह-जगह एडीए की ओर से स्मार्ट कैमरे लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। ऐसे में सतर्क रहे कहीं किसी चौराहे और तिराहे पर आपका भी चालान न कट जाए। बैठक में यह योजना तैयार हुई है। इसे लगाने की जिम्मेदारी एडीए को सौंपी गई है। एडीए की ओर से स्मार्ट कैमरों को लगाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। ये कैमरे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों का स्वतः ही ऑनलाइन चालान काटेंगे।

## चंदौली समाचार

### अलीनगर में बंदरों का उत्पात, घरों में तोड़फोड़ जारी



**चंदौली।** नियामताबाद क्षेत्र के अलीनगर (मुगलसराय) में बंदरों का उत्पात बढ़ गया है। स्थानीय निवासी बंदरों द्वारा घरों में तोड़फोड़, खाने का सामान ले जाने और लोगों पर हमला करने के प्रयासों से परेशान हैं। शिकायतों के अनुसार, बंदर रोज़ाना घरों की छतों को नुकसान पहुँचाते हैं और खाने-पीने का सामान उठा ले जाते हैं। कई बार ये बंदर बच्चों और बड़ों पर हमला करने की कोशिश भी करते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय निवासी सत्यम ने बताया कि बंदरों के लगातार उत्पात के कारण बच्चे बाहर खेलने से डरते हैं। लोग छतों पर जाने से भी कतरा रहे हैं, जिससे लोगों में काफी डर व्याप्त है। निवासियों ने नगर प्रशासन और वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। सत्यम, रामेश्वर विश्वकर्मा, लल्लन जायसवाल, मनोज, राकेश यादव, विजय यादव, रमेश यादव सहित कई स्थानीय लोगों ने वन विभाग की टीम भेजकर बंदरों को सुरक्षित रूप से पकड़कर जंगल क्षेत्र में छोड़ने की अपील की है।

वन विभाग अधिकारी मकसूद हुसैन ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी बंदरों को पकड़वाकर जंगल की ओर छोड़ा जाएगा। इसके अतिरिक्त, स्थानीय लोगों को सलाह दी गई है कि वे खाने का कचरा या फल-सब्ज़ियाँ खुले में न रखें ताकि बंदर आकर्षित न हों। नगर पालिका को भी क्षेत्र में बंदर पकड़ने वाले विशेषज्ञों की मदद लेने का सुझाव दिया गया है।

### शादी समारोह में सूट-बूटधारी चोर ने उड़ाए लाखों रुपए

**चंदौली।** जिले के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर (मुगलसराय) स्थित मंगल ज्योति लॉन में सोमवार रात एक विवाह समारोह के दौरान लाखों रुपए की चोरी हो गई। जयमाला कार्यक्रम के बीच एक अज्ञात चोर शगुन के पैसों से भरा बैग लेकर फरार हो गया। यह घटना पटना से आई बारात में हुई, जहां वर पवन और वधू काजल का विवाह समारोह चल रहा था। सभी बाराती और घराती जयमाला देखने में व्यस्त थे।

## लाइफ मंत्र

### 12 नवंबर को मनाई जायेगी कालभैरव जयंती, काल भैरव पूजा से दूर होती हैं बीमारियां

काल भैरव को भगवान शिव का तीसरा रूद्र अवतार माना जाता है। पुराणों के मुताबिक मार्गशीष महीने के कृष्णपक्ष की अष्टमी के दिन ही भगवान काल भैरव प्रकट हुए थे। इस बार काल भैरव अष्टमी 22 नवंबर को है। इस कृष्णाष्टमी को मध्याह्न काल यानी दोपहर में भगवान शंकर से भैरव रूप की उत्पत्ति हुई थी। भगवान भैरव से काल भी डरता है। इसलिए उन्हें कालभैरव भी कहते हैं। व्यास ने बताया कि 12 नवंबर को भैरव अष्टमी मनाई जाएगी। भैरव अष्टमी को देवाधिदेव महादेव के रूद्र रूप काल भैरव की पूजा की जाती है। भैरव अष्टमी का व्रत करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस दिन विधि-विधान के साथ भगवान शिव के रौद्र रूप भगवान भैरव की पूजा करने का विधान है। इस दिन प्रातः व्रत का संकल्प लेकर रात्रि में कालभैरव भगवान की पूजा की जाती है। काल भैरव अष्टमी को कालाष्टमी भी कहा जाता हैं। कालाष्टमी के दिन शिव शंकर के इस रूप भैरव का जन्म हुआ था। भैरव का अर्थ है भय को हरने वाला, इसीलिए ऐसा माना जाता है कि कालाष्टमी के दिन जो भी व्यक्ति कालभैरव की पूजा करने से भय का नाश होता है। कालाष्टमी के दिन भगवान शिव, माता पार्वती और काल भैरव की पूजा करनी चाहिए। विद्वानों का मानना है कि ये पूजा रात में की जाती है।व्यास ने बताया कि शिवपुराण के अनुसार इस दिन भगवान शंकर के अंश से काल भैरव की उत्पत्ति हुई थी। अपने अंहाकर में चूर अंधकासुर दैत्य ने भगवान शिव के ऊपर हमला कर दिया था। उसके संहार के लिए भगवान शिव के खून से भैरव की उत्पत्ति हुई। काल भैरव शिव का ही स्वरूप हैं। इनकी आराधना करने से समस्त दुखों व परेशानियों से छुटकारा मिल जाता है।

**भैरव अष्टमी शुभ मुहूर्त**

व्यास ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 11 नवंबर को रात्रि 11:08 मिनट पर शुरू होगी। इस तिथि का समापन 12 नवंबर को रात्रि 10:58 मिनट पर होगा। काल भैरव देव की पूजा निशा काल में होती है। इसलिए 12 नवंबर को कालाष्टमी मनाई जाएगी।

**शिव-शक्ति की तिथि अष्टमी**

व्यास ने बताया कि अष्टमी पर काल भैरव प्रकट हुए थे। इसलिए इस तिथि को कालाष्टमी कहते हैं। इस तिथि के स्वामी रूद्र होते हैं।



साथ ही कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि पर भगवान शिव की पूजा करने की परंपरा है। सालभर में अष्टमी तिथि पर आने वाले सभी तीज-त्योहार देवी से जुड़े होते हैं। इस तिथि पर शिव और शक्ति दोनों का प्रभाव होने से भैरव पूजा और भी खास होती है। इस तिथि पर भय को दूर करने वाले को भैरव कहा जाता है। इसलिए काल भैरव अष्टमी पर पूजा-पाठ करने से नकारात्मकता, भय और अशांति दूर होती है।

**दूर होती हैं बीमारियां**

व्यास ने बताया कि भैरव का अर्थ है भय को हरने वाला या भय को जीतने वाला। इसलिए काल भैरव रूप की पूजा करने से मृत्यु और हर तरह के संकट का डर दूर हो जाता है। नारद पुराण में कहा गया है कि काल भैरव की पूजा करने से मनुष्य की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मनुष्य किसी रोग से लंबे समय से पीड़ित है तो वह बीमारी और अन्य तरह की तकलीफ दूर होती है। काल भैरव की पूजा पूरे देश में अलग-अलग नाम से और अलग तरह से की जाती है। काल भैरव भगवान शिव की प्रमुख गणों में एक हैं।

**ऊनी कपड़ों का दान बहुत शुभ**

व्यास ने बताया कि इस बार काल भैरव अष्टमी शनिवार को है। इसलिए अगहन महीने के चलते इस पर्व पर दो रंग का कंबल दान करना चाहिए। इसे भैरव के साथ शनिदेव भी प्रसन्न होंगे। साथ ही कुंडली में मौजूद राहु- केतु के अशुभ फल में कमी आएगी। पुराणों में बताया गया है कि अगहन महीने में शीत ऋतु होने से ऊनी कपड़ों का दान करना चाहिए। इससे भगवान विष्णु और लक्ष्मी जी की भी कृपा मिलती है।

**शारीरिक और मानसिक परेशानियां होती हैं दूर**

व्यास ने बताया कि इस पर्व पर कुत्तों को जलेबी और इमरती खिलाने की परंपरा है। ऐसा करने से काल भैरव खुश होते हैं। इस दिन गाय को जौ और गुड़ खिलाने से राहु से होने वाली तकलीफ खत्म होने लगती है। साथ ही इस दिन सरसों का तेल, काले कपड़े, खाने की तली हुई चीजें, घी, जूते-चप्पल, कांसे के बर्तन और जरूरतमंद लोगों से जुड़ी किसी भी चीज का दान करने से शारीरिक और मानसिक परेशानियां दूर होती हैं। जाने-अनजाने में हुए पाप भी खत्म होते हैं।

**रात्रि पूजा का है विशेष महत्व**

व्यास ने बताया कि पुराणों के मुताबिक काल भैरव उपासना प्रदोष काल यानी सूर्यास्त के वक्त या आधी रात में की जाती है। रात्रि जागरण कर भगवान शिव, माता पार्वती एवं भग्द्रावान कालभैरव की पूजा का महत्व है। काल भैरव के वाहन काले कुत्ते की भी पूजा होती है। कुत्ते को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाता है। पूजा के समय काल भैरव की कथा भी सुनी या पढ़ी जाती है।

**कष्ट एवं डर होता है दूर**

व्यास ने बताया कि ग्रंथों में बताया गया है कि भगवान काल भैरव की पूजा करने वाले का हर डर दूर हो जाता है। उसके हर तरह के कष्ट भी भगवान भैरव हर लेते हैं। काल भैरव भगवान शिव का एक प्रचंड रूप है। शास्त्रों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति काल भैरव जंयती के दिन भगवान काल भैरव की पूजा कर ले तो उसे मनचाही सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं। भगवान काल भैरव को तंत्र का देवता भी माना जाता है।

**कालभैरव जयंती का महत्व**

व्यास ने बताया कि भगवान कालभैरव की पूजा करने से साधक को भय से मुक्ति प्राप्त होती है। इनकी पूजा से ग्रह बाधा और शत्रु बाधा से मुक्ति प्राप्त होती है। भगवान कालभैरव के विषय में ग्रंथों में जिक्र मिलता है कि अच्छे कार्य करने वालों के लिए कालभैरभ भगवान का स्वरूप कल्याणकारी हैं और अनैतिक कार्य करने वालों के लिए ये दंडनायक हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, जो भी भगवान भैरव के भक्तों का अहित करता है उसे तीनों लोक में कहीं भी शरण प्राप्त नहीं होती है।

**इन मंत्रों के जप से भीषण से भीषण कष्टों से मिलेगी मुक्ति**

व्यास ने बताया कि श्री कालभैरव भगवान महादेव का अत्यंत ही रौद्र भयाक्रांत वीभत्स विकराल प्रचंड स्वरूप है। श्री कालभैरव जयंती के दिन किसी भी शिव मंदिर में जाकर काल भैरव जी के इन मंत्रों में से किसी भी एक मंत्र का जप करने से भीषण से भीषण कष्टों का नाश होने के साथ मरनासन्न व्यक्ति को भैरव बाबा की कृपा से जीवन दान मिल जाता है।

**काल भैरव सिद्ध मंत्र**

**ॐ कालभैरवाय नमः।**

**ॐ भयहरणं च भैरव।**

**ॐ भ्रां कालभैरवाय फट्।**

**ॐ ह्रीं बटुकाय आपदुद्धारणाय कुरू कुरू बटुकाय ह्रीं।**

**ॐ हं षं नं गं कं सं खं महाकाल भैरवाय नमः।**

**पूजन विधि**

व्यास ने बताया कि अष्टमी तिथि को प्रातः स्नानादि करने के पश्चात व्रत का संकल्प लें। भगवान शिव के समक्ष दीपक जलाएं और पूजन करें। कालभैरव भगवान का पूजन रात्रि में करने का विधान है। शाम को किसी मंदिर में जाएं और भगवान भैरव की प्रतिमा के सामने चौमुखा दीपक जलाएं। अब फूल, इमरती, जलेबी, उड़द, पान नारियल आदि चीजें अर्पित करें। इसके बाद वहीं आसन पर बैठकर कालभैरव भगवान का चालीसा पढ़ना चाहिए।

पूजन पूर्ण होने के बाद आरती करें और जानें-अनजाने हुई गलतियों के लिए क्षमा मांगे। प्रदोष काल या मध्यरात्रि में जरूरतमंद को दोरंगा कंबल दान करें। इस दिन ऊं कालभैरवाय नमः मंत्र का 108 बार जाप करें। पूजा के बाद भगवान भैरव को जलेबी या इमरती का भोग लगाएं। इस दिन अलग से इमरती बनाकर कुत्तों को खिलाएं।

## *Google Maps* का भारत के लिए बड़ा अपडेट, अब रियल टाइम में मिलेगी ट्रैफिक-सुरक्षा की जानकारी




भारतीय सड़कों पर बढ़ती चुनौतियों के मद्देनजर, गूगल मैप्स ने महत्वपूर्ण सुरक्षा और सुविधा अपडेट जारी किए हैं। इनमें ट्रैफिक जाम, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों और स्पीड लिमिट डिस्प्ले जैसी सुविधाएं शामिल हैं, जो चालान और हादसों को कम करने में सहायक होंगी। यह पहल भारत जैसे विशाल देश के लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जहां सड़क की स्थिति तेजी से बदल सकती है। भारत में अब सड़क यात्रा और भी सुरक्षित और सुविधाजनक बनने जा रही है। गूगल ने भारतीय यूजर्स के लिए अपने गूगल मैप्स एप में कुछ नए फीचर्स जोड़े हैं, जो ट्रैफिक और सड़क सुरक्षा से जुड़ी जानकारी रियल टाइम में देंगे। यह अपडेट खासतौर पर भारत जैसे विशाल और विविध देश के लिए अहम है, जहां सड़क की स्थिति कुछ ही मिनटों में बदल सकती है। गूगल का कहना है कि वह हर दिन अपने एआई सिस्टम और लोकल पार्टनर्स की मदद से भारत में लाखों अपडेट्स करता है ताकि यूजर्स को सबसे सटीक और ताज़ा जानकारी मिल सके। मौजूद जानकारी के अनुसार, कंपनी ने देश के 18 शहरों की ट्रैफिक पुलिस के साथ साझेदारी की है, जिससे सड़क बंद होने या किसी अन्य रुकावट की जानकारी तुरंत अपडेट हो जाती है। बता दें कि भारत के यूजर्स हर दिन करीब 1.5 लाख रियल टाइम रिपोर्ट गूगल मैप्स पर साझा करते हैं। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर गूगल ने तीन नए फीचर्स पेश किए हैं प्रोएक्टिव ट्रैफिक अलर्ट, एक्सीडेंट प्रोन एरिया अलर्ट और स्पीड लिमिट डिस्प्ले। अब गूगल मैप्स में 'प्रोएक्टिव ट्रैफिक एलर्ट' फीचर की मदद से यूजर्स को पहले से चेतावनी मिल जाएगी अगर आगे किसी सड़क पर ट्रैफिक जाम या देरी है। यह फीचर बताएगा कि जाम से कितना समय लगेगा और आपके ETA पहुचने में समय को लेकर पर कितना असर पड़ेगा। फिलहाल यह फीचर दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में एंड्रॉइड यूजर्स के लिए शुरू किया गया है। इसके साथ ही, 'Accident-Prone Area Alerts' फीचर भी लॉन्च किया गया है। यह फीचर तब सक्रिय हो जाता है जब आप किसी ऐसे इलाके के पास पहुंचते हैं जहां अक्सर सड़क हादसे होते हैं। यूजर को विजुअल और वॉयस दोनों अलर्ट मिलेंगे। इसकी शुरुआत फिलहाल गुरुग्राम, साइबराबाद, चंडीगढ़ और फरीदाबाद से की गई है। गौरतलब है कि Google Maps अब यूजर्स को सड़क की स्पीड लिमिट भी दिखाएगा। अक्सर मुख्य सड़कों पर स्पीड लिमिट बोर्ड न होने के कारण लोग ओवरस्पीडिंग कर बैठते हैं, जिससे चालान कट जाता है। गूगल ने इस समस्या का समाधान करते हुए नेविगेशन स्क्रीन पर तय स्पीड लिमिट दिखाने की सुविधा शुरू की है। यह फीचर फिलहाल फरीदाबाद, गाजियाबाद, गुरुग्राम, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और नोएडा जैसे शहरों में लागू किया गया है। मौजूद जानकारी के अनुसार, गूगल ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के साथ भी साझेदारी की है। इसके तहत यूजर्स को अब हाइवे बंद होने, मरम्मत कार्य चलने, रेस्ट एरिया, सार्वजनिक शौचालय, पेट्रोल पंप और खाने की जगहों की जानकारी रियल टाइम में मिल सकेगी। इन नए अपडेट्स से न सिर्फ ट्रैफिक प्रबंधन बेहतर होगा बल्कि ड्राइविंग भी पहले से ज्यादा सुरक्षित और आसान बनेगी। भारत में हर दिन लाखों लोग Google Maps का इस्तेमाल करते हैं, और अब यह ऐप उनकी यात्रा को और ज्यादा भरोसेमंद बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रहा है।




# फर्जी कॉलर अब नहीं छिप पाएंगे! आपके मोबाइल पर दिखेगा असली नाम, ट्रायल शुरू।

**दूरसंचार विभाग के आदेश पर टेलीकॉम ऑपरेटरों ने फर्जी कॉलर की पहचान उजागर करने के लिए कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन (CNAP) सेवा का ट्रायल शुरू कर दिया है। यह नई सुविधा अज्ञात नंबरों से आने वाली स्पैम और धोखाधड़ी वाली कॉलों पर लगाम लगाकर मोबाइल सुरक्षा को मजबूत करेगी, जिससे यूजर अपने मोबाइल पर कॉलर का असली नाम देख पाएंगे।**

आजकल ज्यादातर लोग अपने मोबाइल फोन में आने वाले अनजान कॉलर से परेशान है। फर्जी नाम और पहचान से फोन करने वाले लोग सावधान हो जाए! अब आप किसी को कॉल करके परेशान नहीं कर सकते हैं। आप अपने मोबाइल फोन में ही अनजान कॉलर का असली नाम देख पाएंगे। दरअसल, टेलीकॉम ऑपरेटरों ने इसके लिए ट्रायल शुरु किया है। कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन (CNAP) नाम की सेवा का अभी ट्रायल हरियाणा और हरियाणा प्रदेश सर्किल से शुरु हो गया है। अब स्पैम और स्कैम कॉल करने वालों की बचेंगे नहीं। इस कदम के जरिए फर्जी कॉलरों की वजह से होने वाली घटनाओं में कमी आएगी।

**हिमाचल प्रदेश और हरिणाया में ट्रायल शुरु**

बता दें कि, कॉलर के मोबाइल नंबर के साथ ही उसका नाम भी मोबाइल फोन स्क्रीन पर दिखाना जरुरी है और इस कदम से स्कैम और स्कैम वाले फर्जी और संदिग्ध कॉल पर लगाम लगाई जा सकती है। वही, नकली नाम पर फोन करके धोखाधड़ी करने या अन्य तरह से परेशान किए जाने वाली घटनाएं कम होगी। इस समय रिलायंस जियो, वोडाफोन आइडिया, और बीएसएनएल (BSNL) जैसी कंपनियां ट्रायल कर रही है, अभी हरियाणा में ट्रायल चल रहा है। इसके साथ ही एयरटेल ने इसकी टेस्टिंग हिमाचल प्रदेश में शुरु की है।

**बिना नंबर सेव किए दिखेंगे नाम**

जैसे कि फोन करने वाले इन कंपनियों का कनेक्शन (सिम-नंबर) ले रखा है, तो उसका नाम यूजर के मोबाइल फोन के डिसप्ले पर शो होगा। इसका मतलब यह है कि अगर इन कंपनियों के नंबर से देश भर में किसी भी मोबाइल पर फोन किया गया है, यदि आपके फोन पर नंबर सेव नहीं किया तो जिस नाम से नंबर रजिस्टर्ड होगा, उसका नाम नजर आएगा।


**दूरसंचार विभाग ने आदेश दिए**

कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन (CNAP) सेवा के मुताबिक सिम खरीदते समय टेलीकॉम कंपनी के पास जो भी नाम दर्ज किया जाएगा, वही डिफॉल्ट फीचर के रुप में सभी यूजरों के मोबाइल फोन पर कॉलिंग के दौरान नजर आएगा। दूरसंचार विभाग ने (DoT) सभी टेलीकॉम ऑपरेटरों से देशभर में कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन (CNAP) सेवा लागू करने से पहले प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट प्रॉसेस या ट्रायल करने के लिए कहा था।

**मार्च-अप्रैल में शुरु होगी सेवा**

बता दें कि, यह लैंडलाइन नंबरों और 2जी नेटवर्क का यूज करने वाले कॉलर के लिए नहीं है। दूर संचार विभागद ने कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन (CNAP) सेवा जल्द से जल्द लागू करने के लिए कहा है और अभी इसका ट्रायल चल रहा है। तो अगले साल ही मार्च-अप्रैल में इस सेवा की शुरुआत देश भर में होगी।

# रोजाना जिंदगी में बेहद काम का है एयरप्लेन मोड! जानिए 5 ऐसे कमाल के फायदे जो कोई नहीं बताता




रोजमर्रा की जिंदगी में एयरप्लेन मोड का उपयोग आपके स्मार्टफोन के अनुभव को बेहतर बना सकता है। यह मोड फोन को तेजी से चार्ज करने, बैटरी बचाने और ओवरहीटिंग रोकने में मदद करता है, साथ ही बच्चों को सुरक्षित ऑफलाइन गेमिंग और आपको बेहतर एकाग्रता प्रदान करता है।

ज्यादातर लोग एयरप्लेन मोड सिर्फ फ्लाइट के लिए मानते हैं, लेकिन यह रोजमर्रा जीवन के लिए भी बेहद उपयोगी है। आप लोगो ने भी कभी न कभी अपने फोन में एयरप्लेन मोड का यूज किया होगा। अब आप एयरप्लेन मोड फीचर से रोजाना जिंदगी में कई स्मार्ट तारीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं।

जी बिल्कुल! इस फीचर की मदद से आप फोन को तेजी से चार्ज करने, बैटरी बचाने और ध्यान केंद्रित करने में फायदेमंद होता है। इस लेख में हम आपको एयरप्लेन के 5 ऐसे फायदे बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप कर सकते हैं।

**मोबाइल फोन तेजी से चार्ज होगा**

अगर आप एयरप्लेन मोड का यूज करके मोबाइल को चार्ज करेंगे, तो यह तेजी से चर्ज होगा। इस मोड को ऑन करने से आपके फोन पर बैकग्राउंड एक्टिविटीज जैसे नेटवर्क, वाई-फाई और ब्लूटूथ बंद हो जाते हैं,जिस वजह से यह चार्जिंग के दौरान बैटरी तेजी से चार्ज होती है। वहीं, जिन लोगों के फोन में फास्ट चार्जिंग सपोर्ट नहीं है, वो इस मोड के जरिए फोन को तेजी से चार्ज कर सकते हैं।

**बैटरी की खपत घटेगी**

यदि आप ऐसे एरिया में मौजूद है, जहां नेटवर्क सिग्नल बहुत कम आते हैं, तो आपको फोन लगातार नेटवर्क सर्च करेगा, जिससे बैटरी जल्दी खत्म हो जाएगी। इस स्थिति में आप अपने फोन को आराम देने के लिए एयरप्लेन मोड लगा सकते हैं, जिससे बार-बार नेटवर्क सर्च नहीं करेगा और आपके फोन की काफी बैटरी बचेदी। इसलिए जब आपको जरुरत हो, तो आप एयरप्लेन मोड बंद कर दें।

**ओवरहीटिंग से बचाएं**

अगर आपका फोन जल्द ही गर्म हो जाता है। इस स्थिति में आप अपने फोन को ठंडा रखने के लिए एयरप्लेन मोड का यूज कर सकते हैं। कई बार होता है कि खराब नेटवर्क कवरेज या बैकग्राउंड में ज्यादा एक्टिविटी की वजह से मोबाइल फोन बहुत जल्दी गर्म हो जाते हैं। एयरप्लेन मोड ऑन करने से नेटवर्क कनेक्टिविटी बंद हो जाएगी और प्रोसेसर पर वर्कलोड कम हो जाएगा, जिससे फोन तेजी से ठंडा हो जाएगा।

**बच्चों को इंटरनेट से रखे दूर**

अगर आपके फोन का यूज गेम्स खेलने के लिए करते हैं और आप चाहते हैं कि नेट का यूज ना करें, तो आप एयरप्लेन मोड ऑन कर सकते हैं। इस मोड में कोई भी विज्ञापन नहीं दिखेंगे, जिससे वे गेम्स सेफ्टी से बिना किसी रुकावट के खेल सकते हैं।

**फोकस बढ़ाता है**

आपको बता दें कि, एयरप्लेन मोड केवल बैटरी बचाने के लिए ही नहीं, बल्कि आपको फोकस करने में भी मदद कर सकता है। फोन में आने वाले लगातार नोटिफिकेशन, कॉल और मैसेज के वजह से आपका ध्यान जरुर भटक जाता है। जिस वजह से आप पढ़ाई भी ढंग से नहीं करपाते होंगे या कुछ अन्य वर्क कर रहे हैं, तो फोकस करना भी जरुरी होता है। इन परिस्थितियों के दौरान आप एयरप्लेन मोड का यूज कर सकते हैं, जिससे आपको कोई कॉल या नोटिफिकेशन आने की झंझट ही खत्म हो जाएगी।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
Govt Regd. Estd, 1948
डॉ. राना
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai
Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time
12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682